मैत्री समूह

# Chirping Sparrow

Year - 9, Issue - 4, July - Sep. 2012

A Newsletter of Maitree Jankalyan Samiti

## आओ फिर से दिया जलाएँ

भरी दुपहरी में अंधियारा
सूरज परछाईं से हारा
अंतरतम का नेह निचोड़ें
बुझी हुई बाती सुलगाएँ।
आओ फिर से दिया जलाएँ।।
हम पड़ाव को समझें मंजिल
लक्ष्य हुआ आँखों से ओझल
वर्तमान के मोहजाल में
आने वाला कल न भुलाएँ।
आओ फिर से दिया जलाएँ।।

-अटल बिहारी वाजपेयी।



# Pride of Society



**Surbhi Pandya**

Born and brought up in Indore (MP) to Shri Yogendraji Sethi and Shrimati Saroj Sethi, Surbhi inherited moral values of Jainism from her parents and grandparents. Her grandfather late Shri Manikchandji Sethi was a well known social servant in Indore. Surbhi has completed her Bachelors in Microbiology and pharmaceutical chemistry. She is also a certified graduate in diamond grading and was honored as a teaching professional in the Gemological Institute of America. Surbhi has also studied and excels in various alternative medicines like acupressure, magneto-therapy, Su Jok, Vibronics, Homeopathy, Pranic Healing and psychotherapy. Surbhi over the years has cultivated Pranic Healing techniques and is a certified Pranic Healing trainer.

She has a passion for studying Jain philosophy. She has learnt the fundamentals of Jainism under the guidance of Munishri Kshama Sagarji. Over the years she has compiled a set of children books (Pahala Kadam, Doosara Kadam and Teesara Kadam) explaining the basic principles of Jainism in a modern pictorial way. These books are used in classrooms in institutes and temples around the country. Surbhi herself takes Jain Pathshala classes at the Jain Center of America in New York.

She has been an influential speaker on subjects like meditation, inherent soul - infinite powers, Jain Siddhant Praveshika, microbiology and Jainism's microscopic vision of food and moral values based on Anuvrats. Surbhi has also used the medium of abstract paintings to depict deep philosophical concepts in a scientific way. Genetics and Karma, science of Jain temples, multifaceted reality of Anekant are some of her most popular paintings.

Her talks and art exhibitions have been held at prominent places like JAINA(NJ), JAINA(CA), Columbia University(NY), NY Open Center(Manhattan, NY), YJA(Connecticut), YSERA(Indore, India), JCA(NY), JCGB(Boston), JCNC(CA), Jain Engineering Society(Indore), Sanmati High School(Indore), Jain Sanghosti (Jaipur, India), 'Behold The Interfaith Humanity' (Washington D.C.), etc. Surbhi is a strict follower of moral values. She currently lives in USA with her husband and actively organizes and participates in talks and seminars on Jainism in the US and India.

# Young Achievers



**Saloni Jain**
Gandhidham, Gujrat
12th Commerce CBSE 93.25%



**Nikita Jain**
Shahdol, M.P.
12th Science MPBSE 92.60%




**Rafil Jain**
Jaipur, Rajasthan
12th Commerce CBSE 93.20%



**Rahul Jain**
Bikaner, Rajasthan
12th Science CBSE 93.20%



**Vibhor Kalamkar**
Katni, M.P.
12th Science CBSE 92.60%



**Yash Shrimal**
Ujjain, M.P.
12th Commerce 92.60%

Chirping Sparrow

Year - 9, Issue - 4, July - Sep. 2012

Chirping Sparrow is published by
**MAITREE JANKALYAN SAMITI**
Post Box No. 15, Vidisha, Madhya Pradesh - 464001
E-mail : maitreesamooh@hotmail.com, samooh.maitree@gmail.com
Website : www.maitreesamooh.com Mobile: 94254-24984
http://maitreesamooh.blogspot.com

It is circulated to all Young Jaina Awardees and friends of **Maitree Jankalyan Samiti.**

# Jainism And Modern Science (Part 2)

**Dharma (Principle of Motion) and Adharma (Principle of Rest):**

Dharmastikaya and Adharmastikaya are distinctly peculiar to Jain system of thought depicting the principle of Motion and Rest. They are said to pervade entire universe. Dharma and Adharma are by itself not motion but mediate motion and rest in other bodies. Without Dharmastikaya motion is not possible and without Adharmastikaya rest is not possible in universe. Though not strictly same, gravitational principles are similar to Dharmastikaya when it is said that gravity is responsible for revolution of earth and planets around solar system. Similarly, just as gravity is responsible for stabilizing the orbits of planets, in the same way Adharmastikaya ensures stability of particles and matter.

At the quantum level, Dharmastikay ensures movement of sub-atomic particles and Adharmastikaya ensures that the sub-atomic particles are bound to each other.

**Aakasha i.e. Space:**


Aakasha or Space exists as a real entity in Jainism. It is a substance that accommodates the living souls, the matter, the principle of motion, the principle of rest and time. It is all pervading, infinite and made of infinite space-points. However it is not same as matter having any mass. The existence of space as a reality is proved in mathematics, as the Euclidian space is quite possible and real. Similarly, Einstein demonstrated that space when combined with time is similar to cosmic fabric which curves in presence of large bodies having mass.

**Atmosphere:** Jain scriptures have described how the heavy substances like earth exist in space. Earth rests on solidified ice, which rests on heavy air, which rests on thin air, which in turn rests in space. Adharmastikaya helps earth to rest in space. Jains understood the concept of atmosphere and asserted that air becomes thinner as you go higher up. This matches with our current understanding of atmosphere - from troposphere to exosphere.

**Universe:** Universe according to Jainism is without any beginning or an end. It is static in the sense that it is neither expanding nor inflationary, but at the same time ever changing and dynamic. It is uncreated, ever existing without any first cause. But overwhelming majority of the scientists today are proponents of Big Bang Theory which postulates singularity as beginning of universe 13.7 billion years ago and that the Universe is expanding. However at the same time there are many reputed scientists (e.g. Hannes Alfven, a noble laureate and Fred Hoyle) who have advocated alternative theories like Plasma Cosmology or Static Universe or Steady State Models of Universe which are quite similar to the Universe described in Jainism.

Jain texts describe the shape of the universe as similar to a man standing with legs apart and arm resting on his waist. Thus, Universe according to Jainism is narrow at top and broad at middle and once again becomes broad at the bottom. This corresponds with the latest findings of German Scientists from Ulm University that the Universe is shaped like Eiffel Tower with never ending spire at the top.

**Black holes:** A black hole, according to the general theory of relativity, is a region of space from which nothing, including light, can escape; it absorbs all the light that hits it, reflecting nothing.



Interestingly, Jain cosmology description of black gaps in space is very similar to black holes. Ancient Jain scripture, Bhagavati Sutra [Bhag. Sut 6/5/70-106] describes two types of black holes: Tamaskaya and Krsnarayi. Tamaskaya literally means a body composed of darkness. It is a huge area of space, but contains nothing except swirling gaseous matter, which is infinitely destroyed, created and destroyed again. Brightest sunlight would be transformed into utter darkness, if it nears Tamaskaya. Krsnarayi literally means black mustard or mass of darkness. Like Tamaskaya, a Krsnarayi contains nothing but swirling gaseous matter, which is infinitely destroyed, created and destroyed again.

It is totally dark and black in color. According to Jain scriptures, even a deva (celestial being) is horrified if he happens to remotely experience the force of one of these black bodies, and would instantly fly away to escape from its clutches to avoid being pulled into it.

**Kaal i.e. Time:**

Jain seers have described Kaal as an independent substance that is one-dimensional in nature. It is a real entity according to Jainism and all activities, changes or modifications can be achieved only through time.

**The Arrow of Time:** In Jainism, time is described as uni-dimensional without any aggregates or extension. Even in Einstein's space-time theory, one dimension of time is added to 3 dimensions of space. Any aggregation of various time points is not possible as it would unite the past and the future. There is only one Samaya every time. Every point of time is discrete and at a particular point of time only the present alone exists, the past is irrecoverable and future is yet to come. As per Jainism, arrow of time is always in forward direction.

The following laws of science indicate that the arrow of time is always forward - the second law of thermodynamics, which states that entropy must increase over time; the cosmological arrow of time, which points away from the Big Bang; and the radiative arrow of time, caused by light only traveling forwards in time.

**The Relative Time and Absolute Time:** The Dravyakala which has no beginning or end is known as real time or absolute time. The relative time is the effect of real time or absolute time. The relative time is measured by various measures such as the movement or the changes in physical objects, the planetary motions etc. According to Jainism, the absolute conventional measurement of time is impossible. It is always relative to changes in objects. This distinction is quite similar to the Newtonian distinction of relative and absolute time.

According to Einstein's theory of relativity, time is relative and there cannot be any absolute measurement of time. This partly corresponds with Jainism's view that absolute conventional measurement of time is impossible as it is always measured relative to changes in objects.

**Scale of Time:** While the west was still thinking, perhaps, of 6,000 years old universe, Jainism was already envisioning ages and eons consisting of trillions of years extending up to infinity. The highest period in Jain cosmology that can be counted and understood by humans is 1 Purva i.e. 70.56 trillion years. And 1 Purva is not the entire history of Universe or even a civilization; it is just a small part of a Kaal Chaakra or a single cosmic time cycle which consists of innumerable Purvas. Such infinite Kaal Chaakras have occurred in past and will occur in future.

The microscopic units of time described in Jainism are in consonance with the units of time as per the modern science. One Samaya, the smallest unit of time as per Jainism, is described as the time taken by Paramanu (smallest indivisible particle) to travel from one point to another. This comes quite close to the definition of one Planck time - the time it would take a photon traveling at the speed of light to cross a distance equal to the Planck length. It is the shortest physically meaningful instant of time that can be measured at quantum level.

Thus we can see that many parallels can be drawn between the modern science and Jainism. It should be borne in mind that the ancient Indian sages who postulated various theories of reals and universe were not concerned with the technological or material applications of their theories; rather they tried to understand the natural laws to apply them in their spiritual pursuits. Perhaps, this is the reason why despite having extensive ancient wisdom, India was not the source of industrial revolution or technological inventions or invention of the nuclear bomb.

*Anish Shah (anishshah19@hotmail.com)*

**क्षमापर्व - 2012**

लोग चाहते हैं
एक सम्बन्ध
जो सिर्फ दिखता रहे
भले ही न रहे,
मैं आज भी
चाहता हूँ
सबके बीच
एक सम्बन्ध
जो न दिखे
पर रहे।□

मुनि क्षमा सागर जी



# सत्ताईस हजार दिन की जिंदगानी

हम सभी जीवन को वर्षों में गिनते हैं। यदि दिनों में गिनने लगें तो पचहत्तर वर्ष की औसत आयु के हिसाब से तकरीबन 27 हजार 375 दिन होते हैं, एक व्यक्ति की जिंदगी में। फकत साढ़े सत्ताईस हजार दिन की जिंदगी। इस दृष्टि से सोचें तो एक–एक दिन कितना महत्त्वपूर्ण हो जाता है। कुछ दिनों की है जिदंगी, इसका हर दिन अनमोल है, हर पल कीमती है। महाभारत के अरण्यपर्व में यक्ष–युधिष्ठिर संवाद में यह जिक्र आता है कि यक्ष युधिष्ठिर से पूछते हैं 'किं आश्चर्यम्' ? युधिष्ठिर सही जवाब देते हैं कि आश्चर्य यही है कि हर दिन प्राणी मर रहे हैं, मगर फिर भी मनुष्य इस भाव से बर्ताव करता है मानों वह अजर–अमर हो। भारतीय दर्शन में यह वाकया इतना प्रचलित उदाहरण है कि इसका नाम ही यक्ष प्रश्न हो गया है। आखिर भारतीय संस्कृति में यह यक्ष–प्रश्न इतना महत्त्वपूर्ण क्यों माना जाता है? निश्चित ही इसलिए तो नहीं कि जिंदगी बस चार दिन की है मानकर इंसान श्मसान–वैराग्य धारण कर ले। अब जीकर क्या करेंगे, सोचकर हाथ–पैर ढीले छोड़ दे। माया–मोह त्यागने के नाम पर जीवन को स्पंदनरहित बना ले। बल्कि यह दर्शन तो इसलिए है कि व्यक्ति जीवन की बहुमूल्यता का आदर करे और जीवन का हर पल रूच कर जिए। रूच कर जीने का मतलब लालच, आडम्बर, ईर्ष्या से भरी होड़ से भी नहीं है। फिर क्या है हर पल को जीने का मतलब.......?

हर पल को, हर दिन को अनमोल समझ कर जीने का मतलब है, खुद खुलकर जीना व दूसरों को भी अपने हिसाब से जीने देना। कल हो न हो। यह सोचते ही इंसान की मुट्ठी खुल जाती है। खुद को दुनिया समाज की नजर से चलाने का प्रतिस्पर्धात्मक तनाव और दूसरों को अपने हिसाब से चलाने की अपेक्षा वृत्ति के चलते जीवन को भरपूर तरह से जीने की कला मानो लोग भूल गए हैं। इसी कला के प्रशिक्षण का एक विश्वविद्यालय खुलने की सुगबुगाहट इन दिनों सुनी जा रही है। बेंगलुरू में प्रस्तावित इस विश्वविद्यालय में जीवन का निर्मल आनंद कैसे लें, यह सिखाया जाएगा। इस विश्वविद्यालय में खुशी विभाग, सम्पूर्ण चिकित्सा विभाग, प्राकृतिक चिकित्सा विभाग, योग विज्ञान विभाग, आध्यात्मिक आनंद विभाग आदि डिपार्टमेंट होंगे। यहाँ प्रेरणा, उत्साह, उमंग, हँसने–हँसाने का माद्दा जैसे कोर्स होंगे। एक बार फिर बचपन की ओर, गाना–बजाना, खेलना, हँसना, तनाव प्रबंधन जैसे पाठ इसके पाठ्यक्रम में होंगे। पुस्तकालय, ट्रेनिंग रूम, मेडिटेशन रूम, लॉफ्टर एरिया इत्यादि कोर्स से जुड़ी सुविधाएँ इसमें प्रस्तावित हैं। यूनिवर्सिटी के संस्थापकों का दावा है कि उनका कोर्स जीवन के प्रति इंसान का नजरिया बदलने और उसे खुशनुमा बनाने के लिए है। खैर कोर्स जो भी हो, लोग उसे ज्वॉइन करें न करें। इतना तय है किसी विश्वविद्यालय में जाए बगैर भी इंसान हर पल को भरपूर जीने की ठान ले तो जिंदगी में मिलने वाली खुशियों और सुंदरता को ज्यादा से ज्यादा मात्रा में सोख सकता है।

एक महिला को जब पता चला कि उसे कोई ऐसी बीमारी हो गई है जिससे उसका जीवन अब थोड़े ही समय का बचा है तो उस दिन उसने बचा–बचाकर रखी कीमती क्रॉकरी परिवार के डिनर के लिए निकाल ली। क्रॉकरी की एक प्लेट बहू से थोड़ी तड़क गई तो सास ने दिल थोड़ा दुखने के बावजूद मुस्कुराकर कहा, 'कोई बात नहीं।' यही एप्रोच हमेशा हो तो प्रेम विकसित हो और शांति बनी रहे। प्रेम से याद आए अजीम प्रेमजी। उन्होंने अपनी संपदा में से दो अरब डॉलर भारत में ग्रामीण प्राथमिक शिक्षा के लिए दे दिए हैं। ऐसा करके उन्होंने छोटे से मनुष्य जीवन को बड़ी सार्थकता दे डाली है। क्षणभंगुर जीवन का अमरत्व भी इसी में है और जिन्हें कम मिला है, उनके जीवन को सुंदर बनाने का गहन संतोष भी ऐसे कृत्यों में है। ये लोग खुद ही खुशी का खुला विश्वविद्यालय हैं।

**निर्मला भुराड़िया, इन्दौर (नई दुनिया से साभार)**




*Universal Press Syndicate*

# चमचमाती बरक से सजी हुई मिठाइयाँ



कुछ साल पहले इंडियन एयरलाइन्स ने अपने विमानों में यात्रियों को दी जाने वाली मिष्ठान्न के विक्रेताओं को कड़े निर्देश दिए थे कि यात्रियों को बिना चाँदी की बरक की ही मिठाइयाँ उपलब्ध करायी जाएँ। क्या आप जानते हैं क्यों?

चाँदी की बरक का उपयोग प्रायः बहुत प्रचलित है। इसका इस्तेमाल मिठाइयों, सुपारी, पान और फलों आदि की सजावट में होता है। बरक का प्रयोग कई आयुर्वेदिक दवाइयों में भी होता है। चाँदी की बरक मंदिरों में मिलने वाले प्रसाद पर और सजावट के लिए भी काम आती है। चमचमाती हुई बरक से सजी हुई मिठाइयाँ सभी को आकर्षित करती हैं, लेकिन जब चाँदी की बरक के उत्पादन के पीछे की घिनौनी सच्चाई जानेंगे तो ऐसी बरक लगी मिठाई को आगे से छूने में भी सोचने पर मजबूर हुए बिना नहीं रह पाएँगे। अगर आप बरक को माइक्रोस्कोप के नीचे रख कर देखेंगे तो उसमें रक्त के निशान और अवशेष पाएँगे!

वैसे तो बरक प्राणी–जन्य नहीं है, परन्तु इसके उत्पादन में बछड़े, सांड, और बैल जैसे प्राणियों की हत्या जरूर होती है। बरक के उत्पादन में प्रयोग होती है बैल या बछड़े की आंतें, जो कत्लखानों से आती हैं। ये आंतें इन कत्ल किये गए जानवरों से निकाल ली जाती हैं और बाज़ार में बेच दी जाती हैं। न ही केवल आंतें, बल्कि इन जानवरों का हर अंग जैसे माँस, चर्बी और हड्डियाँ, सभी वजन के हिसाब से बेच दिए जाते हैं। ये आंतें फिर साफ़ करके बरक बनाने के काम आती हैं।

एक सामान्य गाय या बैल की आंत, जिसकी लम्बाई 540 इंच और व्यास 3 इंच होता है, उसे काटकर 540" X 10" का टुकड़ा बनाते हैं। इससे 9" X 10" की पट्टियां काटकर 60 टुकड़े बनाते हैं, जिन्हें एक के ऊपर एक रखकर एक 171 पत्तियों की किताब जैसा बना दिया जाता है। अब इन पत्तियों के बीच चांदी की पट्टी रखी जाती है। जिसे एक चमड़े के खोल में डाल दिया जाता है, जिसे कारीगर लगातार दिन भर हथौड़े से कूट कूटकर एकदम पतली चाँदी की बरक का निर्माण करते हैं।

इस काम के लिए बैल या सांड की आंत का प्रयोग ही होता है क्योंकि इनकी आंतों का लचीलापन इतना अधिक होता है, जो कि दिन भर किये जाने वाली हथौड़े की चोट को बिना टूटे सहन कर सकता है, जो कि बरक को निश्चित मोटाई देने में सहायक होता है।

आंतों की 171 पट्टियों से बनी एक किताब में 3 गायों की आंतों का इस्तेमाल होता है, और ऐसी एक किताब से 160 चाँदी की बरक की परतें बनती हैं। इस किताब को जिस चमड़े के खोल में डाला जाता है वो गाय या बछड़े के चर्म से बनता है, जिसमें 232 sq. इंच चर्म लगता है। सामान्यतः एक गाय से ऐसे 10 चमड़े के खोल बन जाते हैं।




बिज़नस इंडिया के एक लेख के अनुसार, हर वर्ष बरक और च्यवनप्राश के उत्पादन में 275 टन चाँदी (मतलब 2,75,000 किलो बरक!) की खपत होती है और इस 275 टन के उत्पादन के लिए भारत में 5,16,000 गायों और 17,200 जानवरों को आंतों और चमड़े के लिए मार दिया जाता है, जिससे कि ये चाँदी की बरक बनती है।

हम जरा सोचें, इतनी हत्या सिर्फ सजावट के नाम पर कितनी सही और तार्किक है?

हम सभी को अपनी जीवन शैली से ऐसी हिंसात्मक वस्तु का प्रयोग बंद करना चाहिए ताकि कम से कम हम इतनी हत्याओं का हिस्सा तो न बनें। औरों को भी ये जानकारी दें ताकि हम सब मिलकर इस घिनौने व्यापार को एक दिन जरूर बंद करा पाएं!

**प्रीति जैन, नोएडा**

## निमित्त



जिनेन्द्र वर्णी ने अन्त समय में आचार्य महाराज को अपना गुरू बनाकर उनके श्रीचरणों में समाधि के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया था। सल्लेखना अभी प्रारम्भ नहीं हुई थी, इससे पहले ही एक दिन अचानक सुबह–सुबह संघ सहित आचार्य महाराज बिना किसी से कुछ कहे ईसरी से नीमिया–घाट होकर पार्श्वनाथ टोंक की ओर वंदना के लिए निकल पड़े। सारा दिन वंदना में बीत गया, ईसरी आश्रम आते–आते शाम हो गई।

चूँकि बिना किसी पूर्व सूचना के यह सब हुआ, इसलिए वर्णी जी दिन भर बहुत चिन्तित रहे कि पता नहीं आचार्य महाराज कब लौटेंगे। जैसे ही ईसरी आश्रम में आचार्य महाराज लौटकर लाए, वर्णी जी ने उनके चरणों में माथा रख दिया। आँखों में आँसू भर आए । अवरूद्ध कंठ से बोले, ''महाराज, आप मुझे बिना बताए अकेला छोड़कर चले गए। मन बहुत घबराया। मुझे तो अब आपका ही सहारा है। मेरे जीवन के अंतिम समय में अब सब आपको ही सँभालना है।''

आचार्य महाराज क्षण भर को गम्भीर हो गए, फिर मुस्कराकर बोले, ''वर्णी जी सल्लेखना तो आत्माश्रित है। अपने भावों की सँभाल आपको स्वयं करनी है। अपने उपादान को जाग्रत रखिए, मैं तो निमित्त मात्र हूँ।''

इस तरह अपने प्रति समर्पित हर शिष्य को सँभालना, सहारा देना, संयम के प्रति जाग्रत रखना और निरन्तर आत्म–कल्याण की शिक्षा देते रहना, परन्तु स्वयं को इस सबसे असंप्रक्त रखना, यह उनकी विशेषता है।

**ईसरी, 1983**

### सहयात्राएँ

चलते–चलते
देखता हूँ,
अनायास ही
कोई न कोई
साथ हो जाता है।
कुछ दूर
वह साथ चलता है
फिर या तो
ठहर जाता है
या रास्ता ही बदल लेता है।
मैं यह सोचकर
आगे बढ़ जाता हूँ,
कि साथ चलने का सुख
इतना ही होता है।

### Co-journeys

As I walk
I find
that some or the other
walks with me.
He walks by my side
a short while,
and then
either he stops
or moves to another side.
I keep walking
with the realization
that the joy of walking together
had to be this much only.

**मुनि क्षमा सागर जी**
*Translated by Sunita Jain (Courtesy "Mukti")*
मुक्ति से साभार

## अच्छा करने से अपने आप को कभी मत रोको



एक औरत अपने परिवार के सदस्यों के लिए रोजाना भोजन पकाती थी और एक रोटी वह वहाँ से गुजरने वाले किसी भी भूखे के लिए पकाती थी। वह उस रोटी को खिड़की के सहारे रख दिया करती थी जिसे कोई भी ले सकता था। एक कुबड़ा व्यक्ति रोज उस रोटी को ले जाता और बजाय धन्यवाद देने के अपने रास्ते पर चलता हुआ वह कुछ इस तरह बड़बड़ाता –जो तुम बुरा करोगे वह तुम्हारे साथ रहेगा और जो तुम अच्छा करोगे वह तुम तक लौट के आएगा। दिन गुजरते गए और ये सिलसिला चलता रहा। वो कुबड़ा रोज रोटी लेके जाता और इन्हीं शब्दों को बड़बड़ाता –जो तुम बुरा करोगे वह तुम्हारे साथ रहेगा और जो तुम अच्छा करोगे वह तुम तक लौट के आएगा। वह औरत उसकी इस हरकत से तंग आ गयी और मन ही मन खुद से कहने लगी, ''कितना अजीब व्यक्ति है, एक शब्द धन्यवाद का तो देता नहीं है और न जाने क्या–क्या बड़बड़ाता रहता है, मतलब क्या है इसका ?''

एक दिन क्रोधित होकर उसने निर्णय लिया और बोली, ''मैं इस कुबड़े से निजात पाकर रहूंगी।'' और उसने क्या किया कि उसने उस रोटी में जहर मिला दिया जो वो रोज उसके लिए बनाती थी। जैसे ही उसने रोटी को खिड़की पर रखने की कोशिश कि अचानक उसके हाथ काँपने लगे और रूक गये और वह बोली, ''हे भगवान! मैं ये क्या करने जा रही थी?'' और उसने तुरंत उस रोटी को चूल्हे की आँच में जला दिया। एक ताजा रोटी बनायी और खिड़की के सहारे रख दी। हर रोज की तरह वह कुबड़ा आया और रोटी ले के ''जो तुम बुरा करोगे वह तुम्हारे साथ रहेगा और जो तुम अच्छा करोगे वह तुम तक लौट के आएगा।'' बड़बड़ाता हुआ चला गया। वह इस बात से बिल्कुल बेखबर था कि उस महिला के दिमाग में क्या चल रहा है।

हर रोज जब वह महिला खिड़की पर रोटी रखती थी तो वह भगवान से अपने पुत्र की सलामती और अच्छी सेहत और घर वापसी के लिए प्रार्थना करती थी जो कि अपने सुन्दर भविष्य के निर्माण के लिए कहीं बाहर गया हुआ था। महीनों से उसकी कोई खबर नहीं थी। शाम को उसके दरवाजे पर दस्तक होती है। वह दरवाजा खोलती है तो अपने बेटे को सामने खड़ा देखकर भौंचक्की रह जाती है। वह पतला और दुबला हो गया था। उसके कपड़े फटे हुए थे और वह भूखा भी था। भूख से वह कमजोर हो गया था। उसने कहा – माँ यह एक चमत्कार ही है कि मैं यहाँ हूँ। जब मैं एक मील दूर था तो मैं इतना भूखा था कि गिर कर मैं मर गया होता, लेकिन तभी एक कुबड़ा वहां से गुजर रहा था। उसकी नजर मुझ पर पड़ी और उसने मुझे अपनी गोद में उठा लिया। भूख के मारे मेरे प्राण निकल रहे थे। मैंने उससे खाने को कुछ मांगा, उसने निःसंकोच अपनी रोटी मुझे यह कह कर दे दी कि ''मैं हर रोज यही खाता हूँ लेकिन आज मुझसे ज्यादा जरूरत इसकी तुम्हें है सो ये लो और अपनी भूख को तृप्त करो।'' जैसे ही माँ ने उसकी बात सुनी, माँ का चेहरा पीला पड़ गया और अपने आप को संभालने के लिए उसने दरवाजे का सहारा लिया। उसके मस्तिष्क में वह बात घूमने लगी कि कैसे उसने सुबह रोटी में जहर मिलाया था। अगर उसने वह रोटी आग में जला कर नष्ट नहीं की होती तो उसका बेटा उस रोटी को खा लेता और अंजाम होता उसकी मौत। इसके बाद उसे उन शब्दों का मतलब बिलकुल स्पष्ट हो चुका था –''जो तुम बुरा करोगे वह तुम्हारे साथ रहेगा और जो तुम अच्छा करोगे वह तुम तक लौट के आएगा।''



सार यह है कि हमेशा अच्छा करो और अच्छा करने से अपने आप को कभी मत रोको फिर चाहे उसके लिए उस समय आपकी सराहना या प्रशंसा हो या न हो।

Q. क्या धर्म करने से सद्बुद्धि प्राप्त होती है ? – प्राची जैन, गंजबासोदा

A. जिसे सद्बुद्धि होती है वही धर्म कर पाता है, वरना तो लोग भौतिक सुखों में इतने व्यस्त हैं कि उनके पास धर्म करने के लिए समय ही नहीं है। यह सही है कि धर्म करने से सदबुद्धि प्राप्त होती है और हम पुनः उस सद्बुद्धि के द्वारा धार्मिक कार्य करते हैं। किसी का भला सोचना और भला करना यह सद्बुद्धि धर्म के द्वारा ही हमे प्राप्त होती है वरना व्यक्ति अपने इन्द्रिय सुखों में लगा रहकर इतना स्वार्थी हो जाता है कि दूसरे के लिए कुछ कर पाना और निःस्वार्थ भाव रखना संभव नहीं हो पाता है।



# OMG Oh My God

The month of September, October and November brought to us multiple occasions to devote ourselves to the true teachings of religion. In September, we celebrated "Prayushan Parv", a festival of 10 days, with the teachings of a lifetime. The month of October, showed us the importance and strength of "Truth" in our lives, while the month of November brought the message of "Nirvana" and inspired us to be the soul like "Lord Mahavira".

However, along with the festivals, this year, we were questioned to answer "Do we really follow and practice the true teachings of the religion?" by a thought-provoking Indian movie "Oh My God". The movie presented a comedy full of satires on current religious practices. Watching the movie, raised concerns in the Jain Youth community, along with the Indian population. Some particularly appreciated the fact that Jainism by essence never supports a system, which includes unnecessary wastage of food, and money as put by Devang Shah, "Its an awesome movie and it actually shows no other religion is better than Jainism in today's world", while some put a question mark on the current state of Jain practices. Few raised their concerns on "changing" practices of carrying out Puja and other functions. Devang Shah himself quoted an example on - "I visited Bahubali ji and I was shocked to see there were pandits who were asking for money to do pooja and dosha hatana." while Nikhil Jain puts his opinion on Boli system as "I don't understand why there is an auction system (boli) in every religious program in Jainism like saudharm indra, kuber, sarthi, swarn kalash, kansya kalsh or the foundation stone etc." There was a huge discussion on "Dravya" and Laddoo arpan on Diwali also. Few believed that it is a malpractice and to appreciate the goodness of God on the auspicious day, one should pray with full heart and devotion rather than giving offerings. However, few others clarified them. Prerak Shah presented his views on "Dravya" during pooja as "Bhav Pooja should be accompanied with Dravya, to complete the Pooja" with the analogy to "Hunger could be satisfied with bhav and food both" and for "Ladoo arpan", he clarified that Ladoo prepared from coconut, is counted under naivaidya (one of the dravyas). Any dravyas offered to Jinendra, is considered as Tyaag / Dan.

The discussion also went upon "If the movie should have blamed God for the destruction in the world?" and there was consensus that according to Jainism, God doesn't do anything. All, good or bad, happens because of Karma. Oh My God, created a ripple of discussion not only in the Indian population but also in the small Jain community which is evident by the long discussion on this topic. A bunch of ideas helped to rethink, redefine and reformulate our methods to be as close and precise to the "real essence" of Jainism. The movie made us see that often we forget to add feelings / faith to our actions.

**Compiled by** Paridhi Jain, Bikaner (Based on the discussion among Devang Shah, Prashu Nahar, Sunil Kumar, Rajesh Paharia, Nikhil Jain, Vikrant Sawalkar, Anu Jain, Prerak Shah, Deepak Jain and other memebers of the YJA group)

यदि आपकी कोई शंका या प्रश्न है, तो हमें लिख भेजिये। मुनिश्री द्वारा उसका उत्तर दिया जाकर शंका का समाधान किया जायेगा।

# Bombay to Bangalore



It was the beginning of summer. I was boarding Udyan Express at Gulbarga railway station. My destination was Bangalore. As I boarded the train, I saw that the second-class reserved compartment was jam-packed with people. I sat down and was pushed to the corner of the berth. Though it was meant for three people, there were already six of us sitting on it. The ticket collector came in and started checking people's tickets and reservations. Suddenly, he looked in my direction and asked, 'What about your ticket?' 'I have already shown my ticket to you,' I said.

'Not you, madam, the girl hiding below your berth. Hey, come out, where is your ticket?' I realized that someone was sitting below my berth. When the collector yelled at her, the girl came out of hiding.

She was thin, dark, scared and looked like she had been crying profusely. She must have been about thirteen or fourteen years old. She had uncombed hair and was dressed in a torn skirt and blouse. She was trembling and folded both her hands. The collector started forcibly pulling her out from the compartment. Suddenly, I had a strange feeling. I stood up and called out to the collector, 'Sir, I will pay for her ticket.'

Then he looked at me and said, 'Madam, if you give her ten rupees, she will be much happier with that than with the ticket'.

I did not listen to him. I told the collector to give me a ticket to the last destination, Bangalore, so that the girl could get down wherever she wanted.

Slowly, she started talking. She told me that her name was Chitra. She lived in a village near Bidar. Her father was a coolie and she had lost her mother at birth. Her father had remarried and had two sons with her stepmother. But a few months ago, her father had died. Her stepmother started beating her often and did not give her food. She was tired of that life. She did not have anybody to support her so she left home in search of something better. By this time, the train had reached Bangalore. I said goodbye to Chitra and got down from the train. My driver came and picked up my bags. I felt someone watching me. When I turned back, Chitra was standing there and looking at me with sad eyes. But there was nothing more that I could do. I had paid her ticket out of compassion but I had never thought that she was going to be my responsibility!... I told her to get into my car. My driver looked at the girl curiously. I told him to take us to my friend Ram's place. Ram ran separate shelter homes for boys and girls. We at the Infosys Foundation supported him financially. I thought Chitra could stay there for some time and we could talk about her future after I came back from my tours.

I was not sure if Chitra would even be there. But to my surprise, I saw Chitra looking much happier than before. Ram suggested that Chitra could go to a high school nearby. I immediately agreed and said that I would sponsor her expenses as long as she continued to study. I left the shelter knowing that Chitra had found a home and a new direction in her life.

I got busier and my visits to the shelter reduced to once a year. But I always enquired about Chitra's well-being over the phone. I knew that she was studying well and that her progress was good. I offered to sponsor her college studies if she wanted to continue studying. But she said, I have talked to my friends and made up my mind. I would like to do my diploma in computer science so that I can immediately get a job after three years.'

She wanted to become economically independent as soon as possible. Chitra obtained her diploma with flying colours. She also got a job in a software company as an assistant testing engineer. When she got her first salary, she came to my office with a sari and a box of sweets.

One day, when I was in Delhi, I got a call from Chitra. She was very happy. 'Akka, my company is sending me to USA! I wanted to meet you and take your blessings but you are not here in Bangalore.'

Years passed. Occasionally, I received an e-mail from Chitra. She was doing very well in her career. She was posted across several cities in USA and was enjoying life. I silently prayed that she should always be happy wherever she was.

Years later, I was invited to deliver a lecture in San Francisco for Kannada Koota, an organization where families who speak Kannada meet and organize events. The lecture was in a convention hall of a hotel and I decided to stay at the same hotel. After the lecture, I was planning to leave for the airport. When I checked out of the hotel room and went to the reception counter to pay the bill, the receptionist said, 'Ma'am, you don't need to pay us anything. The lady over there has already settled your bill. She must know you pretty well.' I turned around and found Chitra there.

She was standing with a young white man and wore a beautiful sari. She was looking very pretty with short hair. Her dark eyes were beaming with happiness and pride. As soon as she saw me, she gave me a brilliant smile, hugged me and touched my feet. I was overwhelmed with joy and did not know what to say. I was very happy to see the way things had turned out for Chitra. But I came back to my original question. 'Chitra, why did you pay my hotel bill? That is not right.' Suddenly sobbing, she hugged me and said, 'Because you paid for my ticket from Bombay to Bangalore!'

*Sudha Murty, Chairperson, Infosys Foundation and author*

# YOUR SPACE

## एक बूढ़ी जिंदगी

बरामदे मे गुमसुम सी बैठी है
एक बूढ़ी जिंदगी
घर में आते–जाते कदमों से अनजान
अपनी झुकी हुई कमर और
झुर्रियों से कहती है
एक कहानी बेजान
दूधवाले की घंटी जब सुन पाती थी
मंदिर का टिमटिमाता दिया
दूर से देख पाती थी
सड़कों पर जब सामान लादे
बच्चों संग दौड़ पाती थी
चूल्हे में फूँक मारती, साथ में सब्जी कतरती
साहब के दफ्तर जाने की तैयारी करती थी
बरामदे में लगा था तुलसी का पौधा
जहाँ शाम ढलने पर
दिया जलाती थी
अब उसी के बुझने के इंतजार में बैठी है
एक बूढ़ी जिंदगी।

**प्रियंक जैन, उज्जैन**

## A little says...!

**On the occasion of Vegetarian's day (9th August)**

Just eating veg is not sufficient to celebrate the vegetarian day!

Little ant says, "Please, look down while walking around!"

Grazing cow says, "Let me eat first, then show me your stick afterwards!"

Sweeet smiling flower says, "It does hurt, when you pluck"

Fish in the aquariam says, "All luxuries are there but it's still a prison!"

Leather bags says, "Many other materials were also there, then why me?"

Birds in caze say, "Sky is so blue but gives me no clue!"

These little say, "There is lot more to do and gain


Just think before you act

So that there is no place for regret!"

*Shubhita Jain, Jaipur*

# महत्त्वपूर्ण चिट्ठी

## समय का मूल्य



बात साबरमती आश्रम में गांधीजी के प्रवास के दिनों की है। एक दिन एक गाँव के कुछ लोग बापू के पास आए और उनसे कहने लगे, "बापू कल हमारे गाँव में एक सभा हो रही है, यदि आप समय निकाल कर जनता से देश की स्थिति व स्वाधीनता के बारे में कुछ शब्द कहें तो आपकी कृपा होगी।"

गांधीजी ने अपना अगले दिन का कार्यक्रम देखा और गाँव के लोगों के मुखिया से पूछा, "सभा के कार्यक्रम का समय कब है?"

मुखिया ने कहा, "हमने चार बजे निश्चित कर रखा है।"

गांधीजी ने आने की अनुमति दे दी। मुखिया बोला, "बापू मैं गाड़ी से एक व्यक्ति को भेज दूंगा, जो आपको ले आएगा। आपको अधिक कष्ट नहीं होगा।" गांधी जी मुस्कराते हुए बोले, "अच्छी बात है, कल निश्चित समय पर मैं तैयार रहूंगा।" अगले दिन जब पौने चार बजे तक मुखिया का आदमी नहीं पहुँचा तो गांधी जी चिंतित हो गए। उन्होंने सोचा,"अगर मैं समय से नहीं पहुँचा तो लोग क्या कहेंगे। उनका समय व्यर्थ नष्ट होगा।"

गांधीजी ने एक तरीका सोचा और उसी के अनुसार अमल किया। कुछ समय पश्चात मुखिया गांधीजी को लेने आश्रम पहुँचा तो गांधीजी को वहाँ नहीं पाकर उसे बहुत आश्चर्य हुआ। मुखिया जब सभा स्थल पर पहुँचा तो उसे यह देखकर और अधिक आश्चर्य हुआ कि गांधीजी भाषण दे रहे हैं और सभी लोग तन्मयता से उन्हें सुन रहे हैं। भाषण के उपरांत मुखिया गांधीजी से मिला और उनसे पूछने लगा, "मैं आपको लेने आश्रम गया था, लेकिन आप वहाँ नहीं मिले फिर आप यहाँ तक कैसे पहुँचे?"

गांधीजी ने कहा, "जब आप पौने चार बजे तक नहीं पहुँचे तो मुझे चिन्ता हुई कि मेरे कारण इतने लोगों का समय नष्ट हो सकता है। इसलिए मैंने साइकिल उठाई और तेजी से चलाते हुए यहाँ पहुँचा।" मुखिया बहुत शर्मिंदा हुआ। गांधीजी ने कहा, "समय बहुत मूल्यवान होता है। हमें प्रतिदिन समय का सदुपयोग करना चाहिए, किसी भी प्रगति में समय महत्त्वपूर्ण होता है।

BOOK-POST

# Chirping Sparrow

Year - 9, Issue - 4, July - Sep. 2012

A Newsletter of Maitree Jankalyan Samiti

From
**MAITREE SAMOOH**
Post Box No. 15, Vidisha, Madhya Pradesh - 464001
E-mail : maitreesamooh@hotmail.com,
samooh.maitree@gmail.com
Website : www.maitreesamooh.com
http://maitreesamooh.blogspot.com
Mob.: 94254-24984

To, ____________________

____________________

____________________